कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक,
O/o The Controller General of Defence Accounts
उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-10
Ulan Batar Road,Palam,Delhi Cantt.-10

अ.टि. सं. 0746/हि.क./सं.सं.नि./पत्राचार **दिनांक : 19 अप्रैल, 2017**

सेवा में,

सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक
प्रधान लेखा नियंत्रक (फै.) कोलकाता

विषय : संसदीय राजभाषा समिति निरीक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश।

*****

संसदीय राजभाषा समिति द्वारा रक्षा लेखा विभाग के विभिन्न कार्यालयों का समय-समय पर राजभाषा निरीक्षण किया जाता रहा है। इस संबंध में संयुक्त सचिव एवं अपर वित्तीय सलाहकार, रक्षा मंत्रालय (वित्त) द्वारा राजभाषा नीति संबंधी निम्नलिखित आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निदेश दिए गए हैं :

1. केन्द्र सरकार के 'क' तथा 'ख' क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों द्वारा 'क' क्षेत्र में स्थित कार्यालयों के साथ पत्र व्यवहार अनिवार्य रूप से हिन्दी में किया जाए। इनमें कोई पत्र अंग्रेजी में भी आए, उसका उत्तर हिन्दी में ही दिया जाए।
2. 'क' तथा 'ख' क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों में रखे जाने वाले रजिस्टरों व सेवा-पुस्तिकाओं के शीर्षक एवं प्रविष्टियां हिंदी में ही की जाए। 'ग' क्षेत्र में स्थित कार्यालयों में ऐसी प्रविष्टियां यथा संभव हिंदी में की जाए।
3. हर तिमाही में अनिवार्य रूप से एक कार्यशाला का आयोजन किया जाए। छोटे कार्यालय अपनी सुविधानुसार संयुक्त कार्यशालाओं का आयोजन करें।

अनुरोध है कि उपर्युक्त सभी बातों का अपने कार्यालय/संगठन में कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए एक अनुवर्ती कार्रवाई रिपोर्ट इस मुख्यालय कार्यालय को यथाशीघ्र प्रेषित करें। साथ ही, उक्त सभी मदों की भविष्य में समुचित मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित करें।

रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक के अनुमोदन से जारी।

(पुष्कल उपाध्याय)
रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक

प्रतिलिपि :-

संयुक्त सचिव एवं अपर वित्तीय सलाहकार
रक्षा मंत्रालय (वित्त)
} उनके दिनांक 10.03.2017 के अ.शा. पत्र सं. ई-11011/02/2017-हिंदी, के संदर्भ में सूचनार्थ।

(श्रीनिवास शर्मा)
सहायक निदेशक (रा.भा.)